[2019] दिसम्बर

# एन.टी.ए./यू.जी.सी. नेट/जे.आर.एफ. परीक्षा

## 2019 पेपर-II

**1.** निम्नलिखित में से किस विधिवेत्ता का कथन है कि 'विधि और नैतिकता एक दूसरे के पूरक है?'
(a) जॉन ऑस्टिन (b) हेन्स केल्सेन
(c) एच एल ए हार्ट (d) डेवलिन

**2.** सामण्ड ने विधिक अधिकार के पांच अभिलक्षणिक विशेषताओं का उल्लेख किया है। इस तरह की चार विशेषताएँ निम्नलिखित है?
(1) अधिकार का विषय (2) अधिकार का उद्देश्य
(3) अधिकार की विषयवस्तु (4) अधिकार का हक
पाँचवी विशेषता निम्नलिखित में से क्या है?
(a) वह संपत्ति जिसके मामले में अधिकार का दावा किया गया है।
(b) अधिकार द्वारा अपेक्षित कृत्य या चूक
(c) अधिकार के विद्यमान होने का विधिक कारण
(d) संगत कर्त्तव्य का विषय

**3.** निम्नलिखित में से किनका कथन है कि सारतः किसी कम्पनी और व्यक्ति के विधिक व्यक्तित्त्व के मध्य कोई विभेद नहीं है?
(a) मेटलैंड (b) डाईसी
(c) ग्यार्क (d) केलसेन

**4.** सिविल और आपराधिक दायित्त्व के मध्य विभेद के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?
(a) सिविल दायित्त्व उस समय उत्पन्न होता है जब किसी गैर सरकारी व्यक्ति के प्रति कोई अपराध कारित किया जाता है, किन्तु आपराधिक दायित्त्व की स्थिति उस दशा में उत्पन्न होती है जब समाज के प्रति कोई अपराध होता है।
(b) सिविल दायित्त्व में दण्ड दिया जाता है जबकि आपराधिक दायित्त्व के परिणामस्वरूप प्रतिकर दिया जाता है।
(c) सिविल और अपराधिक दायित्त्व अवधारित करने की प्रक्रिया भिन्न है।
(d) सिविल दायित्त्व में मंशा की बजाय कृत्य पर विचार किया जाता है जबकि आपराधिक दायित्त्व में आपराधिक मनःस्थिति अवधारक तत्त्व है।

**5.** 'अल्पसंख्यक' एक सापेक्षिक पद है और उसे भाषायी अथवा धार्मिक वर्गों अथवा राज्य की कुल जनसंख्या के 50% से कम आबादी से बने समूहों का प्रतिनिधित्त्व करने वाले के रूप में संदर्भित किया जाता है। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी निम्नलिखित में से किस वाद में की थी?
(a) टी.एम.ए. पाइ फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य
(b) पी.ए. इनामदार बनाम महाराष्ट्र राज्य
(c) इस्लामिक एकेडमी ऑफ एजूकेशन बनाम कर्नाटक राज्य
(d) उषा मेहता बनाम महाराष्ट्र राज्य

**6.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 233 के अनुसार जिला न्यायाधीश की नियुक्ति किनके द्वारा की जाएगी?
(a) सम्बंधित राज्य के उच्च न्यायालय के कोलेजियम द्वारा,
(b) भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से सम्बंधित राज्य के राज्यपाल द्वारा,
(c) राज्य के राज्यपाल द्वारा सम्बंधित राज्य के मामले में अधिकारिता का प्रयोग करते हुए उच्च न्यायालय के परामर्श से
(d) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से सम्बंधित राज्य के अधिकारिता के सम्बंध में राष्ट्रपति द्वारा

**7.** सिक्किम राज्य के सम्बंध में विशेष उपबंध, अनुच्छेद 371-एफ किनके द्वारा अंतःस्थापित किया गया था?
(a) संविधान (बत्तीसवाँ संशोधन) अधिनियम द्वारा
(b) संविधान (तैतीसवाँ संशोधन) अधिनियम द्वारा
(c) संविधान (पैतीसवाँ संशोधन) अधिनियम द्वारा
(d) संविधान (छत्तीसवाँ संशोधन) अधिनियम द्वारा

**8.** भारत में विधिक संप्रभुता स्वयं संविधान में निहित है न कि 'हम भारत के लोग' में। भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस विचार को निम्नलिखित में से किन मामलों में व्यक्त किया गया था?

(a) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
(b) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य
(c) पश्चिम बंगाल राज्य बनाम भारत संघ
(d) सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य

**9.** लॉ ऑफ नेशनश रीतियों का एक संग्रह है जिन्हें सभ्य राज्यों द्वारा एक दूसरे के साथ अपने व्यवहार में अपनाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय कानून की यह परिभाषा लॉर्ड कॉलरिज द्वारा निम्नलिखित किस मामले में दी गई है?
(a) क्वीन बनाम केन
(b) वेस्ट रैन्ड सेन्ट्रल गोल्ड माइनिंग लिमिटेड
(c) एस.एस. लोटस मामला
(d) ए.एम. लूथर कम्पनी बनाम सागर एण्ड कम्पनी

**10.** निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
(a) निकारागुआ बनाम संयुक्त राज्य अमरीका में, विश्व न्यायालय ने बहुमत से कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत सौपानिक हैं।
(b) निकारागुवा बनाम संयुक्त राज्य अमरीका में, विश्व न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत सौपानिक हैं।
(c) निकारागुवा बनाम संयुक्त राज्य अमरीका में, विश्व न्यायालय ने बहुमत से कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत सौपनिक नहीं हैं बल्कि ये आवश्यक रूप से पूरक और अंतःसम्बंधित है,
(d) निकारागुवा बनाम संयुक्त राज्य अमरीका में, विश्व न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के स्रोत सौपनिक नहीं हैं किंतु ये आवश्यक रूप से पूरक और अंतःसम्बंधित है,

**11.** In which of the following cases it was held that "there is no distinection between defacto and dejure recognition for the purpose effect to the international acts of the recognised authorised"?
(a) Luther V. Sagar
(b) U.S. V. Pink
(c) Russian Spcialist Federated Soviet Public V. Cirbaria
(d) Guarantee Trust Co. of New York V. U.S.

**12.** ''अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय वस्तुतः अंतः राज्य सम्बंध में 'विधि का शासन' की स्थापना के लिए अनिवार्य शर्त है।'' यह निम्नलिखित में से किसका कथन है?
(a) न्यायाधीश शिगेरू ओडा
(b) न्यायाधीश नागेन्द्र सिंह
(c) न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी
(d) न्यायमूर्ति आर.एस. पाठक

**13.** उच्चतम न्यायालय में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 34 के सम्बंध में टिप्पणी की कि ''किसी अपराध में प्रतिभागियों की साझा मंशा का होना इस धारा के प्रयोग के लिए अनिवार्य तत्त्व है।'' यह आवश्यक नहीं है कि किसी अपराध कारित किए जाने के आरोपी अनेक व्यक्ति संयुक्त रूप से वही अथवा पहचान में एक समान हों। निम्नलिखित में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी की थी?
(a) अशोक कुमार बनाम पंजाब राज्य
(b) शंकर नारायण भादोल्कर बनाम महाराष्ट्र राज्य
(c) गुरुबचन सिंह बनाम पंजाब राज्य
(d) एस.सी. बाहरी बनाम बिहार राज्य

**14.** यदि गोवा में कोई भारतीय व्यक्ति 'A' किसी विदेशी नागरिक 'B' को गोवा में हत्या कारित करने के लिए दुष्प्रेरित करता है तो 'A' निम्नलिखित में से किस अपराध का दोषी होगा?
(a) हत्या की कोटि में न आने वाला आपराधिक मानव वध का
(b) हत्या का अपराध कारित करने का
(c) आपराधिक षडयंत्र का
(d) हत्या दुष्प्रेरण का

**15.** जो कोई भी व्यक्ति उक्त अथवा लिखित शब्दों से, अथवा संकेत से अथवा दृश्यमान प्रतिरूपण के माध्यम से अथवा अन्यथा घृणा अथवा अवमान उत्पन्न करता है या करने का प्रयास करता है अथवा भारत में विधि द्वारा स्थापित सरकार के प्रति अप्रीति/दुराग्रह उत्पन्न करता है या करने का प्रयास करता है तो यह निम्नलिखित में से कौन सा अपराध करता है?
(a) मानहानि (b) राजद्रोह
(c) आपराधिक षडयंत्र (d) हमला

**16.** भारतीय दण्ड संहिता में वर्ष 2018 के अधिनियम 22 द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा उपबंध अंतःस्थापित किया गया?
(a) मृत्यु अथवा पीड़ित को निरंतर मरणासन्न अवस्था में लाने के लिए कारित अपराध के लिए दण्ड
(b) बारह वर्ष से कम आयु की महिला के साथ दुष्कर्म करने पर दण्ड
(c) विवाह विच्छेद के दौरान पति द्वारा पत्नी के साथ सहवास
(d) किसी प्राधिकारी द्वारा मैथुन

**17.** 'टोर्ट' शब्द की व्युत्पत्ति निम्नलिखित में से किस लैटिन शब्द से हुई है?
(a) टॉर्टस (b) टॉर्टम
(c) टोरेंट (d) टॉर्चर

**18.** ''डैम्नम साइने इंजूरिया'' सूत्र से क्या अभिप्रेत है?
(a) क्षति या हानि सहित विधिक अधिकार का अतिलंघन
(b) विधिक अधिकार के अतिलंघन के बिना हुई क्षति या हानि
(c) जहाँ कहीं भी अधिकार है, वहाँ समाधान है।
(d) क्षति या हानि के बिना निरपेक्ष अधिकार का अतिलंघन

**19.** अपकृत्य के मामले में निम्नलिखित में से क्या विधिमान्य प्रतिरक्षा नहीं है?
(a) निजी प्रतिरक्षा
(b) वोलेंटाइ नॉन फिट इन्जूरिया
(c) दैवी कृत्य
(d) एक्स डोलो मैलो नॉन ओरिटर एक्टिओ

**20.** प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की किस धारा में उपबंध है कि ''कोई भी उद्यम अपने प्रमुख स्थान का दुरुपयोग नहीं करेगा।''
(a) धारा 4 (b) धारा 9
(c) धारा 8 (d) धारा 6

**21.** संविदा नैराश्य से निम्नलिखित में से क्या अभिप्रेत हैः
(a) संविदा को तात्विक स्वरूप प्रदान करने में कानूनी अड़चन
(b) वाणिज्यिक कठिनाई
(c) संविदा को साकार रूप देने में वित्तीय अड़चन
(d) संविदा की विषय-वस्तु के गायब हो जाने अथवा उद्देश्य पूरा नहीं होने के कारण वास्तविक असंभाव्यता

**22.** निम्नलिखित में से किस दशा में अर्द्ध-संविदा सिद्धांत प्रयोज्य नहीं होता है?
(a) किसी औपचारिक संविदा के अंतर्गत परिदान की गई वस्तु अथवा प्रदत्त सेवा के बदले संदायगी के बारे में विवाद।
(b) जहाँ कोई संविदा नहीं है किन्तु काल्पनिक तर्क उत्पन्न होता है।
(c) जहाँ बिना किसी औपचारिक संविदा के अनुचित संविदा होता है।
(d) जहाँ आनुग्रहिक कृत्य की संदायगी करने का दायित्त्व होता है।

**23.** माल विक्रय अधिनियम, 1930 के अधीन निम्नलिखित में से किसे परिदान नहीं माना जा सकता है?
(a) कोई ऐसा कृत्य करना जिसके फलस्वरूप माल को विक्रेता के विधिक प्रतिनिधि के कब्जे में रखा जाता है।
(b) कोई ऐसा कृत्य करना जिसके फलस्वरूप माल को क्रेता द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति के कब्जे से अलग किया जाता है।
(c) कोई ऐसा कृत्य करना जिसके फलस्वरूप माल को क्रेता के कब्जे में रखा जाता है।
(d) कोई ऐसा कृत्य जिसके सम्बंध में पक्षकार इस बात पर सहमत हैं कि यह परिदान है।

**24.** निम्नलिखित में से क्या किसी हिस्सेदार के अभिधेयार्थी प्राधिकार के क्षेत्र के भीतर नहीं है?
(a) फर्म द्वारा चलाए जा रहे व्यवसाय को चलाने के लिए किया गया कृत्य
(b) फर्म के प्रायिक कार्य की शैली में ही कृत्य किया जाना चाहिए।
(c) फर्म की ओर से स्थावर संपत्ति अर्जित करने का कृत्य।
(d) कार्य अनिवार्यतः फर्म के नाम पर अथवा किसी अन्य रूप में होना चाहिये जिसमें फर्म का आशय व्यक्त किया गया हो।

**25.** निम्नलिखित में से क्या मुस्लिम विधि का प्राथमिक स्रोत नहीं है?
(a) कियास (b) कुरान
(c) तखलीद (d) सुन्नत

स्रोत



**26.** मुस्लिम विधि के अंतर्गत उस महिला से विवाह करना जिसका पति जीवित है, कहा जाता है,

(a) विधि मान्य (b) सही
(c) बातिल (d) अनियमति

**27.** मुस्लिम विधि के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है?

(a) भेंट लेनदेन में कब्जे का परिदान आवश्यक है जबकि वसीयत में इसकी आवश्यकता नहीं होती है।
(b) मृसा का सिद्धांत वसीयत के व्ययन की स्थिति में लागू है।
(c) भेंट के लिए दानी का अधिकार निर्वाधित है किंतु वसीयत करने का अधिकार दो रूपों में सीमित है।
(d) भेंट देने पूर्व हो जाने के बाद इसे न्यायालय के औपचारिक डिक्री के बाद ही प्रतिसंहरित किया जा सकता है, वसीयत करने के बाद इसे किसी समय प्रतिसंहरित किया जा सकता है।

**28.** हिन्दी उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 8 के अधीन निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है? एक पुरुष हिन्दू के निर्वसीयती मृत्यु के फलस्वरूप उसकी संपत्ति का न्यायगमन निम्नलिखित में से किसे होगा?

(a) पहले, मृतक के श्रेणी-एक के उत्तराधिकारी को
(b) दूसरा, मृतक के श्रेणी-दो के उत्तराधिकारी को
(c) तीसरा, मृतक के गोत्रज को
(d) चौथा, सरकार को

**29.** कोई परिद्वेषी कृत्य जिससे ऐसा संक्रमण अथवा रोग फैलने की आशंका हो जो जीवन के लिए हानिकर है और जिसके परिणामस्वरूप वातावरण स्वास्थ्य के लिए विषाक्तपूर्ण हो जाए, पर्यावरणीय संरक्षण के विभिन्न दण्डनीय अपराध हैं किंतु उपबंधित प्रावधान उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अपर्याप्त है। इस तरह के अल्प दण्ड का उपबंध निम्नलिखित में से किस विधि में किया गया है?

(a) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(b) भारतीय दण्ड संहिता
(c) वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981
(d) जल (प्रदूषण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974

**30.** ''भारत के संविधान में राज्य से संरक्षणवादी नीति और कामचलाऊ नीति, की अपेक्षा की गई है।'' निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद उक्त की घोषणा करता है?

(a) अनुच्छेद 51ए (जी) (b) अनुच्छेद 38
(c) अनुच्छेद 48(ए) (d) अनुच्छेद 37

**31.** राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 (एन जी टी अधिनियम) की उद्देशिका में निम्नलिखित में किसका उल्लेख नहीं किया गया है–

(a) जोहन्सबर्ग सम्मेलन
(b) रियो सम्मेलन
(c) भारत के संविधान का अनुच्छेद 21
(d) स्टाकहोम सम्मेलन

**32.** ''मानव गरिमा, मानवाधिकारों का सारतत्त्व है।'' यह निम्नलिखित में से किसके द्वारा कहा गया हैः

(a) न्यायमूर्ति वी. आर. कृष्ण अय्यर
(b) न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा
(c) न्यायमूर्ति कुलदीप सिंह
(d) न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र

**33.** माल के भौगोलिक उपदर्शन (रजिस्ट्रीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 की धारा 9 में निम्नलिखित में किसका उपबंध है?

(a) कतिपय भौगोलिक उपदर्शनों के रजिस्ट्रीकरण का प्रतिषेध
(b) सहनायिक भौगोलिक उपदर्शनों के रजिस्ट्रीकरण का प्रतिषेध
(c) भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री और उसका कार्यालय
(d) भौगोलिक उपदर्शनों का रजिस्टर

**34.** व्यापार चिन्ह अधिनियम, 1999 की धारा 3(1) निम्नलिखित में से किस उपबंध से सम्बंधित है?

(a) रजिस्ट्रीकरण की अस्वीकृति
(b) रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन
(c) व्यापार चिन्ह रजिस्ट्रार की नियुक्ति
(d) आवेदन में सुधार और संशोधन

**35.** पेटेंट अधिनियम, 1970 की निम्नलिखित में से कौन सी धारा उस विषय-वस्तु का उपबंध करती है जो कि अधीनियम के अधीन आविष्कार नहीं होती है?

(a) धारा 7 (b) धारा 3
(c) धारा 10 (d) धारा 11

**36.** सूचना प्रौद्योगिकी की धारा 49 निम्नलिखित में से किससे सम्बंधित है?
(a) साइबर अपीलीय अधिकरण की स्थापना
(b) साइबर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति का गठन
(c) साइबर अपीलीय अधिकरण का गठन
(d) न्यायपीठों के बीच कार्यों का बँटवारा

**37.** ''संविधान के उपबंध गणित के सूत्र नहीं है जिनका सार उनके रूप में होता है, वे आर्गेनिक जीवंत संस्थाएं है जोकि इंग्लैण्ड की धरती से आई हैं। इनका प्रभाव जीवन्त है न कि औपचारिक है; इनका निर्माण शब्दों और एक शब्दकोश को लेकर नहीं किया जाना है बल्कि इनका निर्माण इनके मूल वृद्धि की तर्ज पर किया जाना है।'' उक्त टिप्पणी निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई है?
(a) स्क्वार्ज (b) होल्म्स सी.जे.
(c) एस.ए. डी. स्मिथ (d) लॉर्ड रसेल

**38.** भारत के उच्चतम न्यायालय ने निम्नलिखित में से किस मामले में विशेष रूप से कहा है कि 'संघीय ढांचा' संविधान की मुख्य विशेषता है?
(a) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य
(b) एस.आर. बोमई बनाम भारत संघ
(c) गोविन्द बनाम मध्य प्रदेश राज्य
(d) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ

**39.** हमारे उच्चतम न्यायालय ने निम्नलिखित किस मामले में कहा है कि जहाँ तक अनुच्छेद 14 में समान सुरक्षा की गारंटी की बात है, राज्य की कार्यकारणी, विधायी या न्यायिक कारवाई जो अनुच्छेद 14 के प्रतिकूल है, वह शून्य होगी?
(a) अमीर अब्बास बनाम मध्य भारत राज्य
(b) नरेश मिराजकर बनाम महाराष्ट्र राज्य
(c) बुधन बनाम बिहार राज्य
(d) हिम्मतलाल बनाम मध्य प्रदेश राज्य

**40.** ''ब्रिटेन के संविधान में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों का पूर्ण पृथक्करण जैसी कोई चीज नहीं है। व्यवहार में यह अपरिहार्य है कि वे अधिव्यापी होते हैं। फ्रांस और संयुक्त राज्य अमरीका के संविधान में सरकार के अंगों को मजबूती से अलग करने की कोशिश की गयी है किंतु वे असफल साबित हुए हैं। शक्तियों के पृथक्करण की यह स्थिति की व्याख्या निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई है?''
(a) प्रोफेसर उल्मन (b) प्रोफेसर के.टी. शाह
(c) वेड एण्ड फिलिप्स (d) डोनोगमोर कमेटी

**41.** निम्नलिखित में से किन्हें पूर्वोदाहरण पर विधायन को लाभदायक माना जा सकता है?
(1) निरस्त करने की अभियोग्यता
(2) पूर्वज्ञान
(3) संदर्शी प्रयोग
(4) शृंखलाबद्ध विन्यास
सही विकल्प चुनिएः
(a) केवल (1), (2) और (4)
(b) केवल (1), (2) और (3)
(c) (1), (2), (3) और (4)
(d) केवल (1) और (3)

**42.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और बताइए कि कौन से कथन सकारात्मकता से सम्बंधित है?
(1) विधि आज्ञा है।
(2) विधिक अवधारणा का विश्लेषण समाजशास्त्रीय और ऐतिहासिक विश्लेषण से भिन्न है।
(3) नैतिकता का आश्रय लेकर तार्किक दृष्टि से अभिनिश्चय ज्ञात किया जा सकता है।
(4) 'यथापूर्वक विधि' को अपेक्षित विधि से पृथक् किया जाना है।
सही विकल्प चुनिएः
(a) केवल (1), (2) और (3)
(b) केवल (1), (2) और (4)
(c) केवल (2), (3) और (4)
(d) केवल (1) और (4)

**43.** स्वामित्त्व हो सकता हैः
(1) विधिक और निहित स्वामित्त्व
(2) विधिक और सम्यक स्वामित्त्व
(3) पूर्ण और सीमित स्वामित्त्व
(4) न्यास और लाभकारी स्वामित्त्व
सही विकल्प चुनिएः
(a) (1), (2), (3) और (4)
(b) केवल (2), (3) और (4)
(c) केवल (1), (2) और (3)
(d) केवल (1), (3) और (4)

**44.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैंः

(1) भारत के उच्चतम न्यायालय की मूल अधिकारिता भारत सरकार और एक अथवा एक से अधिक राज्य के मध्य किसी भी विवाद में है।

(2) भारत के उच्चतम न्यायालय की मूल अधिकारिता भारत सरकार और एक पक्ष में कोई एक अथवा एक से अधिक राज्य और दूसरे पक्ष में एक अथवा एक से अधिक राज्यों के मध्य विवाद के मामले में हैं।

(3) भारत के उच्चतम न्यायालय की मूल अधिकारिता एक पक्ष में भारत सरकार और कोई आनुषंगिक और दूसरे पक्ष में एक से अधिक राज्यों के मध्य विवाद के मामले में है।

(4) भारत के उच्चतम न्यायालय की मूल अधिकारिता भारत में किसी भी विवाद में है।

सही विकल्प चुनिएः

(a) (1) और (2) (b) (2) और (3)

(c) (1) और (3) (d) (1) और (4)

**45.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैंः

(1) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 353 आपातकाल की उद्घोषणा के प्रभाव से सम्बंधित है।

(2) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 354 आपातकाल के दौरान राज्यपाल की आय-अर्जित करने की शक्ति से सम्बंधित है।

(3) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 355 विदेशी आक्रमण और सशस्त्र विद्रोह से संरक्षण के लिए संघ सरकार के कर्तव्य से सम्बंधित है।

(4) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 356 उग्रवादियों या आतंकवादियों द्वारा स्थानीय अशांति से सम्बंधित है।

सही विकल्प चुनिएः

(a) (1) और (2) (b) (1) और (3)

(c) (2) और (3) (d) (3) और (4)

**46.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

विश्व व्यापार संगठन की स्थापना करने वाले करार के अनुच्छेद 111 के अनुसार विश्व व्यापार संगठन के मुख्य कृत्य हैंः

(1) किसी एक और बहुराष्ट्रीय करारों के बारे में करार करना और इसे बढ़ावा देना;

(2) विवादों के निपटान को शासित करने वाले नियम और प्रक्रियाओं को प्रशास्तिकरन;

(3) व्यापार नीति समीक्षा तंत्र (टी पी आर एम) को प्रशास्ति करना;

(4) प्रादेशिक आर्थिक नीतियों के सम्बंध में आई एम एफ, आई बी आर डी और विश्व बैंक के मध्य समन्वय स्थापित करना।

सही विकल्प चुनिएः

(a) (1) और (2) (b) (1) और (3)

(c) (2) और (3) (d) (3) और (4)

**47.** निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(1) राष्ट्रीयता सम्बंधी अभिसमय 1928 में अंगीकार किया गया था।

(2) विवाहित महिलाओं की राष्ट्रीयता सम्बंधी अभिसमय 1957 में अंगीकार किया गया था।

(3) राज्यविहीनता में ड्रास सम्बंधी अभिसमय 1961 में अंगीकार किया गया था।

(4) नवजात शिशु की राष्ट्रीयता सम्बंधी अभिसमय 1938 में अंगीकार किया गया था।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिएः

(a) (1) और (2) (b) (2) और (3)

(c) (1) और (3) (d) (2) और (4)

**48.** निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

(1) संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अध्याय VI विवादों के शांतिपूर्ण निराकरण से सम्बंधित है।

(2) संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रयोजन विश्व शांति है।

(3) सुरक्षा परिषद में 14 सदस्य होते हैं।

(4) अस्थायी सदस्यों का निर्वाचन महासभा (जनरल असम्बली) द्वारा तीन वर्ष की समयावधि के लिए किया जाता है।

सही विकल्प चुनिएः

(a) (1) और (2) (b) (1) और (3)

(c) (2) और (3) (d) (2) और (4)

**49.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 361 के अधीन विधिसम्मत अभिभावक से अपहरण का अपराध गठित करने के लिए अवयस्क की आयु होनी चाहिए?

(1) पुरुष होने की दशा में 18 वर्ष से कम
(2) पुरुष होने की दशा में 16 वर्ष से कम
(3) महिला होने की दशा में 18 वर्ष से कम
(4) महिला होने की दशा में 16 वर्ष से कम

सही विकल्प चुनिएः

(a) (1) और (2) (b) (1) और (3)
(c) (2) और (3) (d) (1) और (4)

**50.** भारतीय दण्ड संहिता की धारा 159 के अधीन दंगे के अपराध में क्या शामिल होगा?

(1) केवल एक व्यक्ति
(2) दो या दो से अधिक व्यक्ति
(3) लोक शांति को भंग करने के लिए सार्वजनिक स्थल पर लड़ाई
(4) निजी स्थल पर लड़ाई

सही विकल्प चुनिएः

(a) (1) और (3) (b) (2) और (3)
(c) (2) और (4) (d) (1) और (4)

**51.** भारतीय दण्ड संहिता के अधीन चोरी के अपराध में क्या शामिल होगा?

(1) चल संपत्ति ले जाना
(2) व्यक्ति की सहमति के बिना
(3) अचल संपत्ति ले जाना
(4) व्यक्ति की सहमति से

सही विकल्प चुनेः

(a) (2) और (3) (b) (1) और (2)
(c) (1) और (4) (d) (2) और (4)

**52.** अपकृत्य की उत्तम प्रतिरक्षा निम्नलिखित है–

(1) दैवीय कृत्य (2)वोलेन्टी नॉन फिट इंजुरिया
(3) निजी प्रतिरक्षा (4)ट्रस्टी डू सन टॉर्ट

सही विकल्प चुनेः

(a) (1), (2) और (4) केवल
(b) (2), (3) और (4) केवल
(c) (4), (1) और (3) केवल
(d) (1), (2) और (3) केवल

**53.** भारतीय संविदा अधिनियम के अधीन एक विधि मान्य संविदा की जा सकती है। ऐसी संविदा को निम्नलिखित में से कौन कानूनी मान्यता देता है?

(1) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 10-(ए)
(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 65-(बी)
(3) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 1(4)
(4) भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 63

सही विकल्प चुनिएः

(a) (1) और (4) (b) (1) और (2)
(c) (1) और (3) (d) (3) और (4)

**54.** निम्नलिखित में कौन सा/से विनिमय पग है/हैं?

(1) विनिमय पत्र के उद्भव में दो पक्षकारों की आवश्यकता होती है।
(2) विनिमय पत्र या प्रारूप भुगतान कर्ता को धन का भुगतान करने के लिए लेखीवाल द्वारा उपरवाल को दिया गया लिखित आदेश है।
(3) विनिमय पत्र मुख्यतः अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए होता है और एक व्यक्ति द्वारा उसके बैंक को धारक को एक विशिष्ट राशि को किसी विशेष तारीख पर भुगतान करने का लिखित आदेश दिया जाता है।
(4) विनिमय पत्र की परिभाषा परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 6 में उल्लिखित है।

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करेंः

(a) (1) और (4) (b) (1), (2) और (4)
(c) (2) और (3) (d) (3) और (4)

**55.** कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन निम्नलिखित में से किस कम्पनी को कारपोरेट सामाजिक दायित्त्व समिति का गठन करना होता है?

(1) कम्पनी जिसका निबल मूल्य 500 करोड़ रु. या अधिक हो
(2) कम्पनी जिसका कारोबार 1000 करोड़ रु. या अधिक हो
(3) कम्पनी जिसका निबल लाभ 5 करोड़ रु. या अधिक हो
(4) कम्पनी जिसका किसी वित्त वर्ष में निबल लाभ 2 करोड़ रु. या अधिक हो

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें:
(a) (1), (2), (3) और (4)
(b) (1) और (4)
(c) (1), (2) और (3)
(d) (1), (3) और (4)

**56.** हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 की कौन सी धारा विवाह विच्छेद का वैवाहिक समाधान से सम्बंधित है?
(1) धारा 13 (2) धारा 13(1-ए)
(3) धारा 17 (4) धारा 13-(बी)
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (1), (3) और (4) केवल
(b) (2), (3) और (4) केवल
(c) (1), (2) और (4) केवल
(d) (1), (2) और (3) केवल

**57.** हिन्दू दत्तक और भरण पोषण अधिनियम, 1956 के आलोक में निम्नलिखित कथनों को पढ़ें:
(1) धारा 7, पुरुष हिन्दू को दत्तक ग्रहण की क्षमता से सम्बंधित है,
(2) धारा 13, विधिमान दत्तक ग्रहण, जिसे निरस्त नहीं किया जाता है, से सम्बंधित है
(3) धारा 12, दत्तक ग्रहण के प्रभाव से सम्बंधित है
(4) धारा 15, दत्तक माता-पिता की संपत्ति का निपटान के लिए उन्हें अधिकार देता है।
सही विकल्प का चयन कीजिए:
(a) (1) और (3) (b) (2) और (4)
(c) (2) और (3) (d) (1) और (4)

**58.** सार्वभौमवाद की अवधारणा निम्नलिखित में से किन पर आधारित है?
(1) नैसर्गिक सिद्धांत (2) तार्किकता सिद्धांत
(3) सकारात्मकता सिद्धांत (4) सांस्कृतिक सापेक्षता सिद्धांत
सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें:
(a) (1) और (2) (b) (1), (2) और (3)
(c) (1), (2), (3) और (4)(d)(3) और (4)

**59.** मानवाधिकार सम्बंधी अंतर्राष्ट्रीय विधेयक में निम्नलिखित में से क्या शामिल है?
(1) मानवाधिकार की वैश्विक घोषणा
(2) सिविल और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय कोवेनेन्ट
(3) आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय कोवेनेन्ट
(4) सिविल और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय कोवेनेन्ट
सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करें:
(a) (1), (2) और (3) (b) (1) और (3)
(c) (1), (2), (3) और (4)(d)(1) और (4)

**60.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम का आशय 6 से 14 वर्ष तक की आयु के सभी बालकों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना है किन्तु बाल श्रम अधिनियम में किए गए उपान्तरण में शून्य से 14 वर्ष के बालकों की कुटुम्ब उद्यमों में नियुक्ति को औपचारिक बनाया गया है। इस प्रकार अन्तरर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के किस अभिसमय का उल्लंघन हुआ है?
(1) अभिसमय 138 (2) अभिसमय 182
(3) अभिसमय 126 (4) अभिसमय 141
सही विकल्प चुनिए:
(a) (1) और (2) (b) (3) और (4)
(c) (1) और (4) (d) (2) और (3)

**61.** प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम के अधीन उपबंध नीचे दिए गए हैं:
(1) धारा 52 बी में लेखा और लेखापरीक्षा से सम्बंधित उपबंध हैं।
(2) धारा 53(ए) में मूल प्रतियों के साझा अधिकारों के पुनर्विक्रय से सम्बंधित उपबंध है।
(3) धारा 52 अतिलंघन करने वाली प्रतियों की आयातन से सम्बंधित है।
(4) धारा 53 में कतिपय कृत्य का उल्लेख है जिनसे प्रतिलिप्याधिकार का अतिलंघन नहीं होता है।
सही विकल्प चुनिए:
(a) (1) और (3) (b) (2) और (4)
(c) (1) और (4) (d) (1) और (2)